तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 ग्रीन लाइफ नर्सरी के टमाटर पौधे सूखे, 35-40 किसानों ...



13 बीएसपी में 2 साल बाद भी नहीं हुआ मान्यता ...



नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

खबर संक्षेप

कमीशन के लालच में बैंक खाता देने वाले 7 गिरफ्तार

भिलाई। कमीशन के लालच में बैंक खाते को किराए में चलाने वाले सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि फेडरल बैंक उत्कर्ष बैंक से जुड़े दो, खुर्सीपार के इंडियन बैंक के 5 खाताधारकों पर कार्रवाई की गई है। आरोपियों में सुभाष नगर, नंदिनी रोड, छावनी निवासी शुभम चौधरी, कृपाल नगर, कोहका गुरमीत कौर, क्वार्टर नंबर 4-ए, सड़क नंबर 8, जोन-1, खुर्सीपार तरुण नायक, एसटीएफ कॉलोनी, बघेरा निखिल नेताम, शिवाजी नगर, खुर्सीपार यसमीत सिंह, शंकर नगर सद्भावना चौक दुर्ग गौरव साहू, मछली मार्केट जोन-2, खुर्सीपार नरगिस को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, मोबाइल फोन समेत अन्य दस्तावेज जब्त किया है।

हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

दुर्ग। हत्या के एक मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। घटना 29 दिसंबर 2024 की राज करीब साढ़े बजे की है। मामले में चैतन साहू की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। सुपेला पुलिस ने मामले में रोशनी उर्फ रोशलीन लकड़ा, कुलेश्वर साहू और आकाश देशलहरा को आरोपी बनाया था। शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक संजय शुक्ल ने की। प्रकरण के मुताबिक आरोपियों ने चैतन साहू के साथ मारपीट की गई थी। घटना में बल एवं हिंसा का प्रयोग किया गया। पुलिस ने आरोपी रोशनी उर्फ रोशलीन लकड़ा, उम्र 19 वर्ष निवासी चांदनी चौक अंबिकापुर, कुलेश्वर साहू, उम्र 19 वर्ष कसारीडीह, आकाश देशलहरा उम्र 19 वर्ष, कसारीडीह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया।

टिपनी बायपास पर कथित लूटपाट से राहगीरों में दहशत, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर से ग्राम टिपनी जाने वाले सुनसान बायपास मार्ग पर कथित लूटपाट की घटनाओं से राहगीरों में दहशत है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले 15 दिनों में इस मार्ग पर आधा दर्जन लूटपाट की घटनाएं सामने आई हैं। आरोप है कि चार-पांच युवकों का समूह दोपहर में राहगीरों को रोककर मारपीट करता है और रुपये व मोबाइल छीन लेता है। लगातार हो रही घटनाओं की सूचना के बाद थान खम्हरिया पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। वहीं, सुनसान सड़क पर सुरक्षा और नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठने लगी है। पीड़ित डोमन चंद्राकर (35 वर्ष), निवासी ग्राम बैजी, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम के अनुसार, वह 13 नवंबर को थान खम्हरिया में मजदूरी का काम निपटाकर साइकिल से घर लौट रहा था।

इसी दौरान टिपनी बायपास पर चार युवक मिले, जो नशे में धुत नजर आ रहे थे। आरोप है कि युवकों ने उसकी साइकिल रोककर एक हजार रुपये मांगे। मना करने पर उसके साथ मारपीट की और जेब में रखे रुपये छीन लिए। घटना के बाद डोमन ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

लिफ्ट मांगने के बहाने राहगीरों को रोककर मारपीट और लूटपाट का आरोप

लिफ्ट के बहाने रोककर छीन रहे रुपये और मोबाइल



स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के अनुसार, इस मार्ग पर लिफ्ट मांगने या बाइक सवारों को हाथ देकर रोकने के बाद राहगीरों को घेरने की घटनाएं भी हुई हैं। ग्राम टिपनी के एक किसान से 500 रुपये छीनने और एक छात्र का मोबाइल लूटने की भी चर्चा है। हालांकि, इन घटनाओं की स्वतंत्र पुष्टि और पुलिस की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई पीड़ित डर या परेशानी के कारण पुलिस तक शिकायत लेकर नहीं पहुंचते। बताया जा रहा है कि घटनाओं का समय लगभग एक ▶▶| शेष पेज 13 पर

नशे के अवैध कारोबार पर नियंत्रण की मांग

स्थानीय लोगों ने नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गांजे सहित अन्य नशीले पदार्थों की कथित अवैध बिक्री पर भी चिंता जताई है। उनका आरोप है कि नशे की गिरफ्त में आ रहे कुछ युवा आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, शाम से देर रात तक इस मार्ग पर शराब पीने और नशा करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आम लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। लोगों का कहना है कि पुलिस ने पहले आवागमन सुचारु रखने के लिए सड़क किनारे चखना बेचने वालों को हटाया था, लेकिन अब नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण और नियमित गश्त ▶▶| शेष पेज 13 पर

सौगात : मंत्री दयालदास बघेल की मौजूदगी में हुआ निर्माण कार्य का भूमिपूजन

नवागढ़ में 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का भूमिपूजन क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का रास्ता खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में 100 बिस्तरीय आधुनिक सिविल अस्पताल के निर्माण की पहल की गई है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं नवागढ़ विधायक दयालदास बघेल की उपस्थिति में अस्पताल निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

इस अस्पताल के निर्माण से नवागढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद है। अस्पताल शुरू होने के बाद क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधाएं मिल सकेंगी और स्वास्थ्य सेवाओं के मौजूदा ढांचे को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल सहित जनप्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ता तथा शासन-प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नवागढ़ में 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का निर्माण स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अस्पताल की प्रस्तावित क्षमता को देखते हुए क्षेत्र के मरीजों के उपचार के लिए अतिरिक्त व्यवस्था विकसित होने की उम्मीद है। खासकर ग्रामीण अंचलों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में यह अस्पताल उपयोगी साबित हो सकता है। हालांकि, अस्पताल में उपचार की वास्तविक सुविधाएं निर्माण कार्य पूरा होने, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती तथा सेवाएं शुरू होने के बाद ही सुनिश्चित होंगी।



स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर जोर

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती रही है। क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराना सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 100 बिस्तरीय आधुनिक सिविल अस्पताल के निर्माण से स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ाने का अवसर मिलेगा। अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं विकसित होने पर मरीजों को उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर अधिक विकल्प मिल सकेंगे। अस्पताल का लाभ केवल नवागढ़ नगर तक सीमित रहने के बजाय आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक भी पहुंचने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए समय पर उपचार की उपलब्धता महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में अस्पताल के संचालन से स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। इसके लिए निर्माण कार्य के साथ-साथ चिकित्सकीय संसाधनों और मानव संसाधन की पर्याप्त व्यवस्था भी जरूरी होगी।

निर्माण के बाद सेवाओं के संचालन पर रहेगी नजर

100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के भूमिपूजन के साथ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में निर्माण संबंधी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अब अस्पताल का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूरा होना और उसके बाद चिकित्सा सेवाओं का सुचारु संचालन महत्वपूर्ण रहेगा। अस्पताल में मरीजों को किस स्तर की सुविधाएं मिलेंगी, यह उपलब्ध कराए जाने वाले चिकित्सा संसाधनों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, जांच सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं पर निर्भर करेगा।क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि अस्पताल शुरू होने के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिलेंगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष खोरबाहारा साहू, नगर पंचायत नवागढ़ के उपाध्यक्ष सोम ठाकुर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला बेमेतरा के अध्यक्ष जाहिद बेग तथा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद बल्लभ ठाकुर, हेमू महिलाग, जीवन डेहरे, खेलू टंडन, मनीष टंडन, संतोष सांडे, जगोल देव चेलक, काशी बांधे, महाजन मनहरे, संतोष, हेमंत सोनकर और राजा गुप्ता सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी- कर्मचारी भी भूमिपूजन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

बैंक, एटीएम और सराफा बाजार में पुलिस की कांबिंग गश्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए बेमेतरा पुलिस ने प्रमुख चौक-चौराहों, बैंक, एटीएम, सराफा बाजार और संवेदनशील क्षेत्रों में कांबिंग गश्त कर सघन जांच की।

- संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच, संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई निगरानी

इस दौरान पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच करने के साथ सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाई। गश्त के दौरान प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात जवानों को सतर्कता के साथ गश्त करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने के निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार, जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त, चेकिंग और निगरानी की जा रही है। इसका उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना है।

तीन वर्षों के 17 निराकृत मर्ग प्रकरणों के बिसरा का नष्टीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिटी कोतवाली बेमेतरा थाना और पुलिस चौकी देवरबीजा के मालखाने में सुरक्षित रखे गए वर्ष 2023 से 2025 तक के 17 निराकृत मर्ग प्रकरणों के बिसरा का नियमानुसार नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का की उपस्थिति में निर्धारित नियमों और प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नष्टीकरण की कार्रवाई के दौरान सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, पुलिस चौकी देवरबीजा की प्रभारी प्रशिक्षु उप निरीक्षक ईश्वरी कुमारी डूप्ले, सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक नंदलाल चतुर्वेदी सहित थाना बेमेतरा और चौकी देवरबीजा के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

- एसडीओपी भूषण एक्का की मौजूदगी में नियमानुसार पूरी की गई प्रक्रिया

नवागढ़ में कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्य निर्वाचन आयुक्त का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

चुनाव में वोट की ताकत ही लोकतंत्र की असली ताकत है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को नवागढ़ में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और उनके इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान 'वोट चोर–गद्दी छोड़' के नारे गूंजते रहे।

कांग्रेस ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में रैली मिनीमाता चौक से शुरू हुई। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रैली राजीव गांधी चौक पहुंची। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए निर्वाचन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

निर्वाचन प्रक्रिया पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े मामलों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उनका कहना था कि लोकतंत्र में मतदाता का अधिकार सर्वोपरि है और चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा बनाए रखना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।

कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी जुटे

प्रदर्शन में पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, विजय बघेल, जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़ और सुशीला जोशी,अश्वनी अनंत, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष झम्मन बघेल, प्रभारी महामंत्री खेमन टंडन, कोषाध्यक्ष पवन सांडे, मंडल अध्यक्ष भंजन बंजारे, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दारोगा साहू, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता दुबे, तुलसीराम साहू, मोहित गर्ग, हेमंत साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, गणेश राजपूत सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सरपंच और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीआरसी ने लालपुर स्कूल का किया औचक निरीक्षण प्राथमिक स्कूल के बच्चों की दक्षता को परखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर में बीआरसी नवागढ़ जीवराखन वर्मा के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित मिले।

बच्चों की दक्षता को परखने के लिए प्राथमिक शाला के बच्चों से वर्णमाला, गिनती, पहाड़ा, पुस्तिका वाचन, सामान्य जानकारी, एवं अंग्रेजी में नाम के स्पेलिंग को पूछा गया जिससे बच्चों के द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया।



माध्यमिक शाला में भी बच्चों के स्तर को जांचने के लिए पहाड़ा, अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक वाचन, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के भी प्रश्न को पूछा गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा-कक्ष की साफ सफाई , मुस्कान पुस्तकालय में पुस्तक के रख रखाव , शाला प्रांगण की सफाई, वृक्षारोपण की स्थिति, मध्यान भोजन, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनने की संख्याओं पर जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शान्त कुमार पटेल सफाई कर्मचारी हेमचंद बर्मन, विश्वजीत चंदेल सहित विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

रेवे में नाडेप टैंक की बदहाली से स्वच्छता अभियान पर सवाल

आंगनबाड़ी के पास सालों से डंप कचरा, बच्चों की सेहत पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जनपद पंचायत बेरला की ग्राम पंचायत रेवे में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 के समीप स्थित नाडेप टैंक में वर्षों से कचरा डंप होने और सफाई नहीं होने से स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। केंद्र में आने वाले छोटे बच्चों के आसपास गंदगी का अंबार लगा है। कचरा बाहर बिखरने से बदबू और मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है, लेकिन इसके स्थायी निपटारे की दिशा में अब तक ठोस पहल सामने नहीं आई है। आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे बच्चे पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के लिए पहुंचते हैं। केंद्र के ठीक समीप जमा कचरा उनकी सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। बताया गया है कि खेलते समय बच्चे कई बार कचरे के पास पहुंच जाते हैं और वहां पड़ी वस्तुओं को उठाकर खेलने लगते हैं। ऐसे में गंदगी के संपर्क से संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना रहता है। नाडेप टैंक भर जाने के कारण कचरा आसपास फैल रहा है, जिससे केंद्र के आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है शासन- प्रशासन की ओर से स्वच्छता अभियान और विशेष आयोजनों के माध्यम से गांवों में साफ-सफाई पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत रेवे पंचायत के चौक-चौराहों पर भी सफाई अभियान चलाया गया था। इसके बावजूद आंगनबाड़ी के समीप वर्षों से कचरा जमा रहना अभियान के जमीनी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करता है।



बजट के उपयोग पर भी उठे सवाल: गांवों में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं के लिए पंचायतों को मिलने वाली राशि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के बावजूद आंगनबाड़ी जैसे संवेदनशील स्थान के समीप कचरे का लंबे समय तक जमा रहना चिंता का विषय है। वहीं, स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी संभालने वाले जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में संबंधित पंचायत और जिम्मेदार अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।

योजनाएं दिखावे तक सीमितः चौबे

जनसेवक रविन्द्र भास्कर चौबे ने इस स्थिति पर विरोध जताते हुए कहा कि क्षेत्र में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र के पास वर्षों से जमा कचरा प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच अंतर को उजागर करता है। उन्होंने व्यवस्था में सुधार और कचरे के स्थायी निपटारे की जरूरत पर जोर दिया। अब देखना होगा कि संबंधित पंचायत और प्रशासन बच्चों के स्वास्थ्य व स्वच्छता से जुड़े इस मामले में कब तक कार्रवाई करते हैं।

अनदेखी: कक्ष क्रमांक 103 बोदलपानी में बड़ी संख्या में काटे गए पेड़

रेंगाखार के जंगल में पेड़ों की कटाई वन विभाग बेपरवाह, सुरक्षा ताक पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के रेंगाखार वन परिक्षेत्र में जंगलों की सुरक्षा और अवैध कटाई पर नियंत्रण को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 103 बोदलपानी में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने के बाद वन संपदा की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था ताक में नजर आ हरी है।

जंगलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले विभाग के वन क्षेत्र में इस तरह पेड़ों की कटाई होना गंभीर विषय है। अब इस मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका, कटाई की परिस्थितियों और वन विभाग की निगरानी व्यवस्था की जांच की मांग उठ रही है। वन क्षेत्र पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ वन्यजीवों के संरक्षण और स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में जंगलों में पेड़ों की कटाई से प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। कक्ष क्रमांक 103 में पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने के बाद यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि कितने पेड़ काटे गए, कटाई किन परिस्थितियों में हुई और इसके लिए विभागीय अनुमति ली गई थी या नहीं। इस मामले में सबसे अहम सवाल वन क्षेत्र की निगरानी को लेकर है। संबंधित वन कक्ष में वन संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले मैदानी कर्मचारियों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक की भूमिका की पड़ताल जरूरी है।

क्या वनरक्षक, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी वन को पेड़ों की कटाई की जानकारी थी? यदि जानकारी थी, तो कटाई रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए? वहीं, यदि अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं थी, तो नियमित गश्त और निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।



मौका मुआयना कर कार्यवाही की जरूरत

मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण कराया जाना जरूरी है। जांच में कटे हुए पेड़ों की संख्या, उनकी प्रजातियों, कटाई की परिस्थितियों और संभावित नुकसान का आकलन किया जाना चाहिए। साथ ही यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि कटाई नियमानुसार हुई है या इसमें वन नियमों का उल्लंघन किया गया है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई और जिम्मेदारी तय की जा सकती है।

जंगल में अवैध कटाई मिलने पर हो कार्रवाई

कक्ष क्रमांक 103 बोदलपानी में पेड़ों की कटाई के मामले में निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की जा रही है। यदि जांच में अवैध कटाई की पुष्टि होती है, तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही निगरानी में लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

वन संरक्षण के दावों की जमीनी हकीकत बयां कर रहे कटे पेड़

जंगलों की सुरक्षा केवल विभागीय नियमों और कागजी व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका प्रभाव मैदानी स्तर पर भी दिखाई देना चाहिए। रेंगाखार वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 103 में पेड़ों की कटाई का मामला वन विभाग के लिए अपनी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करने का अवसर भी है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग मामले का संज्ञान लेकर निरीक्षण और जांच कराता है या नहीं। वन संपदा को सुरक्षित रखने के लिए नियमित गश्त, प्रभावी निगरानी और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना जरूरी है।



पीएम जनमन आवास योजना में ठगी, ठेकेदार पर एफआईआर



■ जनमन आवास के 5 हितग्राहियों की लिखित शिकायत पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत राजाढ़ार में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण करने के नाम पर हितग्राहियों से पैसे लेकर आवास निर्माण नहीं करने और राशि वापसी की मांग करने पर पैसे नहीं लौटाने की शिकायत पर पांच हितग्राही देवसिंह पिता गौचरण ग्राम राजाढ़ार, श्रीमती मंधोर बाई पति भोभलाल, श्रीमती पुसीया बाई पति सिरधू बैगा, श्रीमती कौशिल्या बाई पति जेठू बैगा, श्रीमती ननकी बाई पति गहरू की शिकायत पर ठेकेदार कुमार मेरावी निवासी ग्राम शितलपानी पंचायत ढ़ोलबज्जा के विरूद्ध छल कर ठगी करते हुए आर्थिक नुकसान पहूंचाने के आरोप में भारतीय न्याय सहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 318 (4) के तहत थाना चिल्फी में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा 4 किस्तों में 2 लाख रूपये प्रदाय किया जाता है। वनांचल क्षेत्रों में आवास लाभार्थियों को ठेकेदार द्वारा आवास निर्माण करने के नाम पर ठेका लेते हुए हितग्राही देवसिंह से 60 हजार रूपये, श्रीमती मंधोर बाई से 60 हजार रूपये, श्रीमती पुसीया बाई से 60 हजार रूपये, कौशल्या बाई से 80 हजार रूपये एवं ननकी बाई से 60 हजार सहित कुल 3 लाख 20 हजार रूपये लेकर आवास का निर्माण कार्य नहीं किया गया।

लगभग डेढ़ वर्ष के बाद भी हितग्राहियों द्वारा मांगने पर न हीं पैसा लौटाया गया और न हीं आवास का निर्माण किया गया। जिसके बाद हितग्राहियों के लिखित शिकायत पर यह बड़ी कार्यवाही हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन आवास के निर्माण कार्य हेतु प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहें है। कुछ स्थानों पर ठेकेदारों के द्वारा बैगा हितग्राहियों को बहला फुसलाकर आवास निर्माण के लिए जारी पैसे लेकर कार्य नहीं करने की शिकायतें प्राप्त हुई है।

साथ ही जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत किसी भी स्तर में अनियमितता पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसी अनुक्रम में ठेकेदार कुमार मेरावी के विरूद्ध थाना चिल्फी में एफआईआर दर्ज होना बड़ी कार्यवाही के रूप में देखा जा रहा है।

सरोधा में पर्यटकों को धमकाने वाले बिच्छू गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

पर्यटकों को डरा धमका कर करते थे लूटपाट



■ शिकायम के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल सरोधा बांध में धारदार हथियार लेकर आम नागरिकों और पर्यटकों को डराने-धमकाने के मामले में कबीरधाम पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक-एक धारदार लोहे का हथियार जब्त किया है।

तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई के बाद सरोधा बांध क्षेत्र में पर्यटकों की सुरक्षा और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर को सरोधा बांध के पास अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार लहराकर आम नागरिकों एवं पर्यटकों को भयभीत करने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस की टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को पकड़ा।

पुलिस ने उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज किए। पुलिस के अनुसार, ग्राम छांटा निवासी शंकर धुर्वे आयु 30 वर्ष के विरुद्ध अपराध क्रमांक 470/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 में कार्रवाई की गई।

वहीं, ग्राम मन्नाबेदी निवासी अशोक मरकाम आयु 21 वर्ष के विरुद्ध अपराध क्रमांक 471/2026 में धारा 25 तथा ग्राम रौचन निवासी देवकुमार पटेल उर्फ गब्बर आयु 18 के विरुद्ध अपराध क्रमांक 469/2026 में धारा 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

तीनों के कब्जे से धारदार हथियार जब्त

पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक धारदार लोहे का हथियार गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जब्त कर सीलबंद किया। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की विवेचना जारी है।

पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवाल

स्थानीय स्तर पर सरोधा बांध क्षेत्र में कथित रूप से बिच्छू गैंग नाम से एक समूह सक्रिय होने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि इस समूह में सात से आठ युवक जुड़े हुए हैं और पर्यटकों को डराने-धमकाने तथा उनसे पैसे वसूलने जैसी गतिविधियों की शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि, इस समूह से संबंधित सभी आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। पर्यटन स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित पुलिस गश्त और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी जरूरी है।

ठाकुर देव मंदिर से 70-80 साल पुरानी मूर्ति चोरी

■ मूर्ति बरामदगी और दोषियों पर कार्रवाई की मांग, सैकड़ों लोगों ने थाने में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

क्षेत्र के खेत में स्थित ठाकुर देव मंदिर से 70 से 80 वर्ष पुरानी मूर्ति चोरी होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना 8 अक्टूबर के आसपास की बताई जा रही है।

मूर्ति चोरी से आहत कुशाल बंद पारा, बैरागपारा और सिसोदिया नगर के वरिष्ठजनों एवं युवाओं सहित सर्व समाज के लोगों ने पंडरिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और चोरी गई मूर्ति की शीघ्र बरामदगी की मांग की। मोहल्लेवासियों के अनुसार, ठाकुर देव की प्राचीन मूर्ति मंदिर में पिछले 70-80 वर्षों से स्थापित थी। यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना की जाती रही है और यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

मूर्ति चोरी की घटना से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। बुधवार को मोहल्लेवासी मंदिर परिसर में एकत्र हुए और ठाकुर देव की पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन किया। इसके बाद सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन पंडरिया थाने में सौंपकर पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करने, दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने तथा प्राचीन मूर्ति को जल्द बरामद करने की मांग की।



ज्ञापन सौंपने वालों में घनश्याम साहू, नरोत्तम साहू, संदीप साहू, वीरेंद्र साहू, मनीराम साहू, दुखवा यादव, रामावतार जायसवाल, पितराम साहू, राजू यादव, कृपाल साहू, राजकुमार साहू, राजेश साहू, लाला साहू, शिव साहू, दुर्गेश जायसवाल, गोटी लाल साहू, मनोहर जायसवाल, संतोष जायसवाल, प्यारे साहू, जागेश्वर निषाद, दशरू साहू, राजा जायसवाल और सावत साहू सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी शामिल थे।

एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर में जिले के सात स्काउट मास्टर्स ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा झांकी, अभनपुर में 8 से 14 अक्टूबर तक आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर में कबीरधाम जिले के सात स्काउट मास्टर्स ने सहभागिता की।



शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रशिक्षणार्थियों को स्काउटिंग की उन्नत तकनीकों, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना का प्रशिक्षण दिया गया। जिले से लोकनाथ देवांगन, हंसराज चंद्राकर, चरणजीत सिंह पाहुजा, सौरभ शर्मा, संतोष कुमार साहू, कन्हैया लाल धृतलहरे और टिकेश्वर साहू ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पूनम सिंह साहू के नेतृत्व में प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

शिविर में मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज, ट्रेसल, वॉच टावर और टेंट पिचिंग जैसे प्रोजेक्ट के जरिए टीमवर्क, योजना निर्माण और समस्या समाधान के गुर सिखाए गए। पांचवें दिन आयोजित 7 से 8 किलोमीटर की हाइक में प्रशिक्षणार्थियों ने संकेत चिह्नों का अनुसरण किया। बिना बर्तनों के भोजन तैयार करने की गतिविधि के माध्यम से आत्मनिर्भरता और संसाधनों के सदुपयोग का अभ्यास भी कराया गया।

प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता पर जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला सचिव नीलम यदु सहित अन्य पदाधिकारियों एवं स्काउटर-गाइडर ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कर्रानाला बैराज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के तहत कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में कर्रानाला बैराज मध्यम परियोजना का मानसून पश्चात निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बैराज की मुख्य संरचनाओं, जल प्रवाह व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी पहलुओं का जायजा लिया गया। इसका उद्देश्य मानसून के बाद परियोजना की स्थिति का आकलन कर जल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना था।

अनुविभागीय अधिकारी, सूतियापाट उप संभाग क्रमांक-सहसपुर लोहारा सागर प्रसाद वर्मा एवं उप अभियंता जय प्रकाश ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बैराज की संरचनात्मक स्थिति और जल प्रवाह व्यवस्था का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ जल प्रबंधन और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। स्थानीय लोगों की सहभागिता से निरीक्षण प्रक्रिया में जनसंवाद और पारदर्शिता को बढ़ावा मिला।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासकीय परियोजनाओं की निगरानी के साथ जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि सार्वजनिक महत्व के कार्यों में जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

सेवा संकल्प अभियानः विभिन्न वार्डों में जनजागरूकता अभियान

कवर्धा में अब दो नहीं चार अभियान से स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत चार श्रेणियों में कचरा पृथक्करण को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अब दो नहीं चार के संदेश के साथ नागरिकों को घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन में रखने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान का उद्देश्य कचरे के उचित संग्रहण, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और सुरक्षित निपटान को बढ़ावा देना है। सेवा संकल्प अभियान के दौरान कवर्धा शहर के विभिन्न वार्ड में जाकर नागरिकों को जानकारी दी गई कि पहले दो डिब्बा गीला एवं सूखा कचरा के अतिरिक्त अब सैनिटरी अपशिष्ट और विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट को भी अलग-अलग रखना महत्वपूर्ण है।

स्वच्छ भारत मिशन नियम 2026 के नियम 4 के अंतर्गत चार श्रेणियों में कचरा पृथक्कीकरण की व्यवस्था को विस्तार से बताया गया। इसके तहत प्रत्येक घर में चार रंगों के डस्टबिन के उपयोग और कचरे को उसके प्रकार के अनुसार अलग रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ एवं सुंदर कवर्धा नगरः सीएमओ नपा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने आम नागरिकों से अपील है कि वे अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को चारों श्रेणियों में अलग-अलग करके ही दें। स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने और कवर्धा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

विश्व हाथ धुलाई दिवस पर कार्यक्रम

■ बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बैरख स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

वनांचल के शासकीय हाई स्कूल बैरख में आज विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि विश्व हाथ धुलाई दिवस की शुरुआत स्टॉकहोम में 2008 में विश्व जल सप्ताह के दौरान की गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2008 में अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता वर्ष की घोषणा के साथ ही प्रथम विश्व हाथ धुलाई के लिए 15 अक्टूबर का दिन तय किया गया था। तब से निरन्तर 15अक्टूबर को हाथ धुलाई दिवस आयोजित किया जाता है। व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने बच्चों को क्रमबद्ध हाथ धुलवा कर दिखाया एवं स्वच्छता के बारे मे बताया। स्वच्छता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के कारण हमारे देश का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, शिक्षिका चमेश रावटे, प्रधान पाठक आरती झारिया एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।



दुर्ग पॉलिटेक्निक कॉलेज का 8.86 करोड़ रुपए से होगा उन्नयन, बढ़ेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग का 886.51 लाख की राशि से उन्नयन होगा। इस स्वीकृत राशि से होने वाले विभिन्न विकास एवं उन्नयन कार्यों का भूमिपूजन बुधवार को शिक्षा मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया।

इन कार्यों से कॉलेज में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। दुर्ग का उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एक पुराना एवं महत्वपूर्ण तकनीकी शिक्षण संस्थान है, जहाँ दुर्ग जिले सहित संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। लंबे समय से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा यह संस्थान युवाओं को तकनीकी ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में कॉलेज की अधोसंरचना का विकास विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन, संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से तकनीकी शिक्षा लेने आते हैं



केबिनेट मंत्री की पहल से ये कार्य होंगे

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल से स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत ऑफिस ब्लॉक का रिनोवेशन, कॉलेज परिसर में सीसी रोड निर्माण, टॉयलेट निर्माण, सिविल विंग का विस्तार, निकासी नाली एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से कॉलेज परिसर में सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों और कॉलेज प्रबंधन को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल विद्यालयों और महाविद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और कौशल आधारित प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है।

शिक्षा और तकनीकी कौशल से संवरेगा युवाओं का भविष्य : गजेंद्र

इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षा और तकनीकी कौशल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। हमारा प्रयास है कि दुर्ग के शैक्षणिक संस्थानों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएँ। तकनीकी शिक्षा को मजबूत बनाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सभापति श्याम शर्मा, कांशीराम कोसरे, ईई ए.के. भट्टाचार्य, कॉलेज के प्राचार्य, स्टॉफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



मंडल कांग्रेस की हुई बैठक

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अंतर्गत आने वाले चंडी मंदिर मंडल कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक राजीव भवन दुर्ग में मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और वोट चोरी के खिलाफ जन-जागरण पर रणनीति बनाई गई। बैठक की शुरुआत में मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और पिछले माह की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में वार्ड चलो अभियान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन की मजबूती के लिए आने वाले दिनों में मंडल के द्वारा वार्ड चलो अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हर वार्ड और बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जाएगा और नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। स्थानीय जनहित की समस्याओं जैसे पानी, बिजली, सड़क और महंगाई के मुद्दों को लेकर जन-आंदोलन चलाने पर सहमति बनी। वोट चोरी के खिलाफ जन-जागरण बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा वोट चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर बूथ स्तर पर जाकर आम जनता को जागरूक करने और घर-घर तक सच्चाई पहुंचाने का निर्णय लिया गया। अलताफ अहमद ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूत है और आने वाले चुनावों में कांग्रेस संगठन अपनी ताकत दिखाएगा। बैठक में चंडी मंदिर मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, प्रकाश शिवणकर, गणेश सोनी, सुमित घोष, भूपेंद्र सेन, अलख नवरंग, बिंदु राजपूत, नरेंद्र सोनकर, नीता कश्यप, ईश्वर साहू, हितेश सेन आदि उपस्थित थे।

अंडर-19 प्लेट ग्रुप में रायगढ़ और सरगुजा के बीच रोमांचक मुकाबला



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत कवर्धा में बुधवार को रायगढ़ और सरगुजा के बीच कड़ा मुकाबला रहा। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए रायगढ़ की टीम ने सरगुजा को 150 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ की टीम ने निर्धारित ओवरों में 262 रन बनाए। टीम की ओर से अंकित मिश्रा ने नाबाद 48 रन, हार्दिक वालेचा ने 51 रन और अंकुश ने 38 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद गेंदबाजी में भी रायगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें अंकित मिश्रा और आरव नायक ने 4-4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा की पूरी टीम 112 रन पर ही सिमट गई। सरगुजा की तरफ से बल्लेबाजी में मानस सिंह ने नाबाद 46 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में सरगुजा के लिए निर्मल राय ने 4 और नैमुल्ला चिश्ती ने 3 विकेट हासिल किए, लेकिन अंततः रायगढ़ ने यह मुकाबला 150 रनों के अंतर से अपने नाम कर लिया।

कर्मचारियों की वेलफेयर, ग्रेच्युटी, कैंटीन सहित कई समस्याएं हैं लंबित

बीएसपी में 2 साल बाद भी नहीं हुआ मान्यता यूनियन चुनाव, बढ़ी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में दो साल बाद भी मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। मान्यता यूनियन नहीं होने से कर्मियों और प्लांट के अंदर की लंबित समस्याओं का पूर्ण रुप से समाधान नहीं हो पा रहा है। इस मामले में प्रबंधन पर यूनियनों ने प्रबंधन पर जल्द चुनाव कराने के लिए दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। इंटक के बाद अब सीटू ने भी फिर से प्रबंधन को ज्ञापन देकर जल्द यूनियन चुनाव कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मान्यता यूनियन का हर दो साल में चुनाव होता है। प्रतिनिधि यूनियन का कार्यकाल समाप्त हुए दो साल बीत चुके हैं। शून्य प्रतिनिधित्व होने से यूनियने लंबित मांगों लेकर प्रबंधन पर निदान के लिए दबाव नहीं बना पा रही है। अब सीटू के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के वरिष्ठ प्रबंधक औद्योगिक संबंध विभाग से मिलकर बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम पर पत्र देकर चुनाव के लिए जल्द गुप्त मतदान की प्रक्रिया शुरु करने पर जोर दिया है। 2 साल पूर्व मान्यता समाप्त होते ही सीटू द्वारा 24 सितंबर 2024 को प्रबंधन को पत्र देकर गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जाँच हेतु प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी । यूनियन ने बताया कि 4 दिसंबर 2024, 11 जनवरी 2025, 5.5.2025 को महाप्रबंधक (औ.सं.) के साथ इस विषय पर फॉलो-अप बैठकें भी हुईं । इसके बाद फिर 29 सितंबर .2025 को कार्यपालक निदेशक को पत्र प्रेषित किया गया। हर बैठक में औद्योगिक सम्बन्ध विभाग द्वारा जल्द से जल्द चुनाव कराने का आश्वासन देता है । चुनाव नहीं होने से कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व शून्य है।यह कर्मचारियों के लोकतांत्रिक एवं वैधानिक अधिकारों पर हमला है।

इंटक के बाद अब सीटू ने डायरेक्टर इंचार्ज को सौंपा ज्ञापन, जल्द गुप्त मतदान की प्रक्रिया करें शुरु



प्रबंधन व यूनियन के बीच नही है प्रभावी संवाद

गुप्त मतदान ही कर्मियों की वास्तविक भावना को सामने लाने का सबसे पारदर्शी व विश्वसनीय माध्यम है। सीटू के महासचिव टी जोगा राव ने बताया कि मान्यता प्राप्त यूनियन ही प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच संवाद का मुख्य सेतु होती है। मान्यता न होने से सुरक्षा समिति, वेलफेयर समिति, कैंटीन मैनेजिंग समिति ,सेवा सहित क्वार्टर, ग्रेच्युटी व कर्मियों के अन्य सभी समस्याओं के निराकरण के लिए द्विपक्षीय चर्चा के फोरम निष्क्रिय पड़े हैं। इससे कर्मचारियों में असंतोष व भ्रम की स्थिति बनी रहती है और औद्योगिक शांति पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

पहले सौंप चुके हैं संबंधित दस्तावेज

गौर तलब हो कि 16 जून को प्रबंधन के यूनियनों को सूचित किया था कि गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करने के संदर्भ में यूनियनों से सहमति पत्र के साथ अन्य आवश्यक संलग्नक एवं दस्तावेज जमा करने के संदर्भ में आवश्यक पत्र जारी किया गया है। इन दस्तावेजों को प्रबंधन द्वारा प्राप्त पत्र के 15 दिन के भीतर जमा करना था इस संदर्भ में सीटू ने 17 जून 2025 को ही यूनियन सहमति पत्र, विधान की प्रतिलिपियां वार्षिक विवरण की प्रतिलिपियां एवं यूनियन का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन को सौप दिया था। इसके पूर्व इंटक भी चुनाव करवाने की मांग कर चुकी है।

बिजली कटौती को लेकर कलेक्टर से मिला एंसिलरी एसोसीएशन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई के उद्योगों में अघोषित बिजली कटौती के कारण हो रहे नुकसान को लेकर बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिला। उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर इस अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद किए जाने की मांग की।

■ बिजली कटौती से राहत देने की मांग की

अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल की बातों को कलेक्टर ने गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बिजली कटौती का एक शेड्यूल दे दिया जाएगा ताकि आप सभी को इसकी पूर्व में ही जानकारी हो सके। अध्यक्ष दासगुप्ता ने बताया कि भिलाई के उद्योगों में पिछले कुछ दिनों से लगातार 12 से 14 घंटे तक की अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। इसके कारण यहां के उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योगों के फर्नेस में माल चोक हो जा रहा है जिससे करोड़ों का नुकसान हो रहा है। सामने त्यौहार का सीजन है, दीपावली सामने है, ऐसे में हमें मजदूरों को बोनस भी देना है। प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तत्काल बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से बातचीत की तथा समस्या के तत्काल निराकरण का निर्देश दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा पश्चात कलेक्टर ने बताया कि उद्योगों में बिजली कटौती का एक शेड्यूल जल्द ही जारी कर दिया जाएगा ताकि सभी को इसकी जानकारी हो सके और वे उस हिसाब से अपना प्रोडक्शन कर सकें। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में उद्योगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष रतन दासगुप्ता, महासचिव श्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष, वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता, नीलाद्री शाह और वरिष्ठ उद्योगपति संदीप अग्रवाल शामिल थे।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे वोट बचाओ-देश बचाओ जनांदोलन के दूसरे चरण में ग्रामीण कांग्रेस के बैनरतले धमधा और अहिवारा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। सैंकड़ो की संख्या में सड़कों पर उतरे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने, उन्हें गिरफ्तार करने और पद से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग के नापाक गठजोड़ पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के इशारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त लोकतंत्र की सरेआम बलि दे रहे हैं।

धमधा में आयोजित मुख्य विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे एवं जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नमन कर निकाली गई विशाल पदयात्रा में कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था। एसडीएम कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाकर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की। रवींद्र चौबे ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली सबसे गहरे संकट में है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पूरी तरह से



■ पूर्व कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे और जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर की उपस्थिति में एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग

निरंकुश मोदी सरकार के औजार और कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। राकेश ठाकुर खुद बुलेट चलाते हुए विशाल बाइक रैली की अगुवाई करने उतरे। वार्ड 1 संतोषी चौक से शुरू हुई यह आक्रोश रैली पूरे शहर में गूंजती हुई तहसील कार्यालय पहुंची, जहां भाजपाइयों और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान राजीव गुप्ता, शिवकुमार वर्मा, जीवन निर्मलकर, जालम पटेल, अरुण साहू, मधुसूदन राणा, धर्मेंद्र साहू, जितेंद्र वर्मा, हिम्मत ढीमर,अघनु पाल, रजत नायक ,जवाला साहू, देवेंद्र चंदेल, परमेश्वर यादव, विजय ढीमर, केबिलाल वर्मा, राज पटेल, आकाश द्विवेदी, हीरा वर्मा, उमेश साहू, संतोष बाफना आदि

संगठन को सशक्त करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारतीय जनता पार्टी रिसाली मंडल की आत्मनिर्भर मंडल बैठक रिसाली स्थित वीआईपी नगर सामुदायिक भवन में हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं और आगामी नगर पालिक निगम रिसाली चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

■ वीआईपी नगर सामुदायिक भवन में हुई भाजपा रिसाली मंडल की बैठक

बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और रिसाली मंडल प्रभारी शिवेन्द्र परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हमारा लक्ष्य संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बनाना है। आज रिसाली मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम कर रहा है। रिसाली मंडल प्रभारी शिवेन्द्र परिहार ने कहा कि आत्मनिर्भर मंडल का अर्थ है आत्मनिर्भर संगठन, आत्मनिर्भर कार्यकर्ता और आत्मनिर्भर बूथ। सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को सक्रिय होकर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। आगामी निगम चुनाव हमारा लक्ष्य है और इसके लिए अभी से सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने वार्डों में सक्रिय होना होगा।

इस अवसर पर राजीव पांडे, शैलेंद्र शेंडे, शैलेंद्र साहू, दशरथ साहू, सचिन गोस्वामी, शकुंतला दास, संतोष चौधरी, सीमा साहू, रमा साहू, माया यादव, सारिका साहू, शीला नारखेड़े, सविता धवस, खिलेश्वरी ढालेंद्र, डॉ. संस्कृति वर्मा, अर्चना हिरवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेज 11 का शेष

लिफ्ट के बहाने ...

जैसा है। दोपहर 1 से 3 बजे के बीच सड़क पर आवाजाही कम होने का फायदा उठाकर राहगीरों को निशाना बनाया जाता है। थान खम्हरिया से टिपनी तक करीब तीन किलोमीटर लंबा बायपास है। सड़क के दोनों ओर खेत और झाड़ियां होने के कारण कई हिस्सों में सुनसान रहता है। इसी वजह से राहगीरों को असुरक्षा महसूस हो रही है।

नशे के अवैध कारोबार ...

की जरूरत है। उनका आरोप है कि नगर में लंबे समय से गांजे की अवैध बिक्री की शिकायतें सामने आती रही हैं, इसके बावजूद समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। लगातार सामने आ रही शिकायतों के बीच अब पुलिस के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर टिपनी बायपास पर राहगीरों को निशाना बनाने वालों की पहचान कर कार्रवाई करना, तो दूसरी ओर नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाकर क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल कायम करना। फिलहाल, पुलिस की कार्रवाई और घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

आईएमएफ की रिपोर्ट कांग्रेस और विपक्ष के दावों पर करारा तमाचा : विजय साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के पूर्व सदस्य विजय साहू ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत बताया है।

विजय साहू ने कहा कि आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट कांग्रेस और विपक्ष द्वारा भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर किए जा रहे नकारात्मक दावों पर करारा तमाचा है। जब दुनिया की प्रतिष्ठित आर्थिक संस्थाएं भारत की विकास संभावनाओं को लेकर अपना अनुमान बढ़ा रही हैं, तब कांग्रेस और विपक्ष को भी अपने आरोपों की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की अनुमानित विकास दर 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दी है। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक ने भी विकास दर का अनुमान 7.1 प्रतिशत किया है। आईएमएफ ने मजबूत घरेलू मांग, सेवा क्षेत्र की गतिविधियों और आर्थिक सुधारों को भारत की विकास संभावनाओं के प्रमुख आधारों में शामिल किया है। साहू ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ नेताओं की परेशानी यह है कि वे देश की अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ा देती हैं। अब शायद कांग्रेस की अगली प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल सरकार से नहीं, बल्कि आईएमएफ से होगा कि आखिर आपको भारत की तरक्की दिखाई कैसे दे रही है? उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है, लेकिन सवाल तथ्यों और ठोस आंकड़ों पर आधारित होने चाहिए।



खबर संक्षेप

ठेका कर्मी की बेहोश होने से मौत, होगी जांच

भिलाई। बुधवार की दोपहर एक ठेका कर्मी बीएसपी के जोरातराई गेट के निकट गिरकर बेहोश हो जाने से मौत हो गई। एफएसएनएल में सिक्योरिटी एजेंसी में में कार्यरत 33 वर्षीय चूड़ामणि सायकल से जाते समय एकाएक गिरने से बेहोश हो गया। ड्यूटी जाने वाले कर्मियों ने एंबूलेंस से उसे मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को सेक्टर नौ हास्पिटल के मर्च्युरी में रखा गया है। ठेका मजदूर के शव को पंचनामा व पीएम के बाद शाम को परिजनों को सौंप दिया गया।

10 किलो कॉपर ट्यूब पार करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। बीएसपी से दस किलो का कॉपर ट्यूब पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि बाइक सीजी 07 एसएल 8761 में प्रवेश कर कोक ओवन जेटी एरिया में बैटरी नंबर 9-10 के पास से कॉपर ट्यूब पार कर आ रहे युवकों को चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। उनके पास से 10 किलोग्राम कॉपर ट्यूब के टुकड़े जब्त किया।आरोपी मकान नंबर 12/23, गांधी चौक, उतई हेमराज उर्फ गोलू साहू को पकड़ा गया। सामान की कीमत 12,780 रुपए आंकी गई है। बाइक समेत सामान को पुलिस ने जब्त किया है।

नगपुरा स्कूल का टाइम टेबल बदला, किया प्रदर्शन



भिलाई। नगपुरा स्थित सेजेस स्कूल में बुधवार को स्कूल के समय में बदलाव को लेकर छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रबंधन के फैसले पर नाराजगी जताई और प्रिंसिपल के ऑफिस के बाहर नारेबाजी की। विद्यार्थियों का कहना है कि स्कूल का समय उनकी सहमति के बिना बदल दिया गया है। वहीं बॉयज टॉयलेट की खराब स्थिति और वहां तक जाने वाले रास्ते को लेकर भी नाराजगी जताई। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने स्कूल में बॉयज टॉयलेट की स्थिति और वहां तक पहुंचने वाले रास्ते को लेकर भी सवाल उठाए। विद्यार्थियों की मांग है कि स्कूल में जरूरी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। नगपुरा हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल ने टाइम टेबल बदला है। इसलिए विद्यार्थियों की नाराजगी है। बदला ऐसा किया गया है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं दूसरी शिफ्ट में और प्राइमरी व मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों की कक्षाएं पहली शिफ्ट में लगाई जा रही है। विद्यार्थी इस फैसले से सहमत नहीं हैं।
विद्यार्थियों का कहना है कि कई छात्र सुबह कोचिंग जाते हैं, ऐसे में स्कूल का समय बदलने से उनकी ट्यूशन की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। प्रिंसिपल बिना कमेटी की समहमि लिए समय में बदलाव नहीं कर सकती हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर ने कहा कि छात्रों को समझा लिया गया है। प्रिंसिपल को भी समय न बदलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं आगे विभागीय जांच और कार्यवाही की जा रही है।

15 साल की सेवा के बाद बिना नोटिस हटाए जाने का आरोप, एफओसी कर्मचारी ने मांगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जेई पर मनमानी और मानसिक प्रताड़ना के आरोप; सेवा बहाली की मांग

सेवा बहाली की मांग

पीड़ित कर्मचारी ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उन्हें भिंभौरी वितरण केंद्र में एफओसी कर्मचारी के रूप में दोबारा काम पर रखने की मांग की है। अब देखना होगा कि विभाग इस शिकायत पर क्या कदम उठाता है और

जेई ने लिखित शिकायत देने को कहा

मामले में कनिष्ठ अभियंता चारुलता से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया। इस पर उन्होंने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संबंधित बात या शिकायत लिखित में दी जाए।

■ भिंभौरी विद्युत वितरण केंद्र का मामला

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के भिंभौरी वितरण केंद्र में 15-16 वर्षों से सेवाएं दे रहे एफओसी (फ्यूज ऑफ कॉल) कर्मचारी धनंजय निषाद को बिना पूर्व सूचना या लिखित नोटिस के काम से हटाए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित कर्मचारी ने कनिष्ठ अभियंता चारुलता पर मनमानी और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए विभागीय अधिकारियों से न्याय और सेवा बहाली की मांग की है। धनंजय निषाद के अनुसार, उन्होंने लंबे समय तक ईमानदारी से काम किया और उनके सेवाकाल में कोई गंभीर शिकायत नहीं रही। हाल ही में हुई जांच के दौरान ट्रांसफार्मर बदलने के मामले में पंचनामा तैयार किया गया था। कर्मचारी का दावा है कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप ही ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया था। इसके बावजूद उन्हें काम से हटा दिया गया।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। धनंजय निषाद का कहना है कि यह नौकरी उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन थी। अचानक काम से हटाए जाने के कारण परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका आरोप है कि बिना नोटिस और अपना पक्ष रखने का अवसर दिए काम से हटाया जाना उनके साथ अन्याय है।

तिमाही रिजल्ट : 55% से कम अंक वाले 12 वीं में 41 और 10 वीं में 79 सरकारी स्कूल

देवीलाल साहू ▶▶|भिलाई

दसवीं में आगेसरा स्कूल का शून्य, देवरी में महज 12 प्रतिशत परिणाम

दुर्ग जिले में दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट घोषित हुआ है। रिजल्ट में बारहवीं में 55 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले 41 स्कूल और दसवीं में 79 स्कूल हैं। हैरत की बात यह है कि दसवी में तीन स्कूल के रिजल्ट जीरो आए हैं। इन स्कूलों में एक भी विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हुए हैं। धमधा के दो स्कूल बारहवीं में और आगेसरा स्कूल में कोई भी विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो सका। देवरी स्कूल का दसवीं का रिजल्ट भी बेहद कमजोर आया है। यहां केवल 12 प्रतिशत परिणाम रहा। कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों पर जिला शिक्षा विभाग ने समीक्षा भी शुरू कर दी है।

इनका रिजल्ट 100%

दसवी और बारहवीं के कुल 10 स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत यानी 100 प्रतिशत रहा है। जिसमें दसवीं में सबसे ज्यादा 7 और बारहवीं में 3 स्कूल शामिल हैं। बारहवीं में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करेली, न्यू पुलिस लाइन दुर्ग और रामनगर मुक्तिधाम शामिल हैं। दसवीं में शास. उच्चतर माध्यमिक शाला रामनगर मुक्तिधाम, सेक्टर 6 भिलाई, पाउवारा , स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेल्हारी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भिलाई तीन,आमपेंड्री का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।



10वीं के इन स्कूलों का परिणाम खराब

स्कूल	प्रतिशत	स्कूल	प्रतिशत
अरमरीखुर्द	शून्य	पेंड्री क	33
गोडपेंड्री	22	लिटिया	37
सेजेस कुगदा	30	पेंड्रावन	39
बढेना	36	धमधा गर्ल्स	39
खुड़मुड़ी	37	दारगांव	40
जमराव-	43	दुर्ग उरला	32
मनसुली क	43	कोसानगर	34
केसरा	43	जुनवानी	35
देवरी धमधा	12	जीटी दुर्ग	41
डूमर	30	करंजा भिलाई	42
बिरेझर	32	उमरपोटी-	43
		बघेरा	43

बारहवीं के फिसड्डी स्कूल

स्कूल	प्रतिशत	स्कूल	प्रतिशत
सेजेस तमेरपारा	0	सेजेस गर्ल्स धमधा	45
धमधा	0	कोसानगर	42
लिमतरा-	39	रसमड़ा	46
सेजेस अहिवारा	40	सेजेस कुगदा	40
घोटवानी	40	सेजेस चरोदा	50

समीक्षा कर बनेगी कार्ययोजना

दसवी बारहवीं तिमाही परीक्षा के रिजल्ट की समीक्षा हमने शुरू कर दी है। तीनों ब्लॉक की समीक्षा के बाद कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। ताकि बेहतर रिजल्ट आए। -**जगजीत सिंह धीर,** डीईओ दुर्ग जिला

दसवीं में जिले के तीनों ब्लॉक की स्थिति

दुर्ग ब्लॉक परिणाम 58 प्रतिशत

दुर्ग ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 58 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत कुल 78 स्कूल हैं। इन स्कूलों में 5172 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसमें प्रथम श्रेणी में 961, द्वितीय श्रेणी में 1157 और तृतीय श्रेणी में 794 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस ब्लॉक के 2912 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

धमधा ब्लॉक का परिणाम 57 प्रतिशत

धमधा ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 57 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत कुल 51 स्कूल हैं। इन स्कूलों में 2705 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसमें प्रथम श्रेणी में 418, द्वितीय श्रेणी में 656 और तृतीय श्रेणी में 444 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस ब्लॉक के 1518 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

पाटन ब्लॉक का परिणाम 59 प्रतिशत

पाटन ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 59 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत कुल 59 स्कूल हैं। इन स्कूलों में 2788 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसमें प्रथम श्रेणी में 593, द्वितीय श्रेणी में 644 और तृतीय श्रेणी में 412विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस ब्लॉक के 1649 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

बारहवीं में तीनों ब्लॉक के परिणाम

दुर्ग ब्लॉक का परिणाम 63 प्रतिशत

बारहवीं दुर्ग ब्लॉक की तिमाही परीक्षा का रिजल्ट 63 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत 17 स्कूल का रिजल्ट 55 प्रतिशत से नीचे रहा है। इस ब्लॉक में कुल 4336 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिसमें से 4265 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम श्रेणी में 802, द्वितीय श्रेणी में 1264 और तृतीय श्रेणी में 582 विद्यार्थी आए हैं। कुल 2648 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

धमधा ब्लॉक का परिणाम 61 प्रतिशत

बारहवीं पाटन ब्लॉक की तिमाही परीक्षा का रिजल्ट 68 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत 10 स्कूल का रिजल्ट 55 प्रतिशत से नीचे रहा है। इस ब्लॉक में कुल 2089 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिसमें से 2069 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम श्रेणी में 360, द्वितीय श्रेणी में 588 और तृतीय श्रेणी में 237 विद्यार्थी आए हैं। कुल 1185 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

पाटन ब्लॉक का परिणाम 68 प्रतिशत

बारहवीं धमधा ब्लॉक की तिमाही परीक्षा का रिजल्ट 68 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत 4 स्कूल का रिजल्ट 55 प्रतिशत से नीचे रहा है। इस ब्लॉक में कुल 2166 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिसमें से 2143 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम श्रेणी में 519, द्वितीय श्रेणी में 629 और तृतीय श्रेणी में 317 विद्यार्थी आए हैं। कुल 1465 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

ग्रीन लाइफ नर्सरी के टमाटर पौधे सूखे, 35-40 किसानों की फसल बर्बाद होने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

टमाटर की खेती में हजारों रुपये लगाने वाले किसानों के सामने अब लागत डूबने का संकट खड़ा हो गया है। गातापार (परपोड़ी) स्थित ग्रीन लाइफ नर्सरी से टमाटर के पौधे खरीदने वाले 35 से 40 किसानों ने पौधों के बड़े पैमाने पर सूखने की शिकायत करते हुए कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का दावा है कि खेतों में रोपे गए 80 से 90 फीसदी तक पौधे मर गए हैं। मामले में किसानों ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर नुकसान की भरपाई कराने तथा नर्सरी संचालक के खिलाफ जांच कर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

■ गातापार की नर्सरी से खरीदे गए पौधों में 80-90 फीसदी के मरने का दावा

भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा से जुड़े रामराज वर्मा के माध्यम से सौंपे गए शिकायत पत्र में किसानों ने बताया कि उन्होंने ग्रीन लाइफ नर्सरी, गातापार (परपोड़ी) से टमाटर की नर्सरी किस्म साहो, परी और अधिराज के पौधे खरीदकर अगस्त से 5 सितंबर 2026 के बीच खेतों में रोपाई की थी। किसानों का दावा है कि नर्सरी से लाए गए पौधे खेतों में लगने के बाद बड़ी संख्या में मरने लगे। वहीं, आसपास के खेतों में दूसरी नर्सरी से लाए गए टमाटर के पौधे अच्छी स्थिति में हैं। किसानों ने इसे लेकर नर्सरी संचालक की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं। शिकायत के अनुसार, किसानों ने समस्या सामने आने पर नर्सरी संचालक से लगातार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका आरोप है कि फोन बंद मिला और नर्सरी इकाई में जाने पर भी उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। किसानों का कहना है कि टमाटर की खेती में प्रति एकड़ करीब 15 से 17 हजार रुपये तक खर्च आता है। ऐसे में पौधों के खराब होने से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक नुकसान का आकलन कराने, पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने और दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज के साथ आशीष ने किए देवी मंदिरों में दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इस दौरान ग्राम संडी स्थित माता सिद्धि मंदिर, मां भद्रकाली मंदिर और मां शीतला मंदिर में दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। छाबड़ा ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, श्रद्धा और भक्ति का पर्व है। मां दुर्गा की आराधना से सत्य, साहस और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने क्षेत्र में सुख-शांति, सद्भाव और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत में हुई बैठक

ग्राम देव पूजन, निशान यात्रा, रावण दहन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

नगर में दशहरा पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाने की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत परिसर में बैठक आयोजित की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल, उपाध्यक्ष शरद कुम्भकार एवं समस्त वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में दशहरा उत्सव के आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ग्राम देवी-देवताओं के पूजन,निशान शोभायात्रा रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। विशाल रावण दहन, आकर्षक आतिशबाजी, आवागमन की सुचारु व्यवस्था तथा रावण दहन स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकी निकालने तथा नगर के स्थानीय राधा-कृष्ण जमात मंदिर से निशान यात्रा एवं अखाड़ा निकालने सहित अन्य तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। दशहरा उत्सव समिति के सदस्य आशीष राज सिंघानिया ने बताया कि हिंदू



आस्था के अनुसार दशहरा पर्व सत्य की असत्य पर तथा अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। देशभर में यह पर्व विभिन्न परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। थान खमरिया नगर में भी दशहरा पर्व पिछले कई दशकों से पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता रहा है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन में विशेष आकर्षण के रूप में रात आठ बजे से देश के ख्यातिलब्ध कवियों की उपस्थिति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तथा सुप्रसिद्ध गायक नितिन दुबे की सुपरस्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा। दशहरा उत्सव देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, एल्डरमैन अनिल सिंघानिया, रोहित राजपूत एवं बलराम निषाद, पार्षद वीरेंद्र सिन्हा, करीम बेग, सूरज पाल, नेहा जितेंद्र सिन्हा, मनीष रात्रे, टीकम अग्रवाल, प्रवेश नेताम, नेहा भैयाराम लहरे एवं अनीश अग्रवाल सहित ग्राम पटेल करण सिंह भुवाल, थाना प्रभारी सत्यदेव उपाध्याय, उप निरीक्षक कल्पना महंत, आरक्षक सुरेंद्र तिवारी, अशरफी खान, सुशीला ध्रुव सहित पुलिस स्टाफ तथा नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

दशहरा- दिवाली त्योहार में ग्राहकों को होती है परेशानी

आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में हटेंगे अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की दिशा में पहल की जा रही है। बुधवार को सुपेला

■ लोगों को खरीदी में होती है परेशानी

स्थित आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में अवैध रूप से कब्जा किए गए बरामदों की निगम की टीम ने मार्किंग की। निगम प्रशासन द्वारा व्यावसायिक परिसर के सार्वजनिक उपयोग के बरामदों को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में यह कार्रवाई की गई है।

आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर सुपेला शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक खरीदारी एवं अन्य कार्यों के लिए पहुंचते हैं। परिसर में दुकानों के सामने बने बरामदों का उपयोग आम नागरिकों एवं ग्राहकों के आवागमन के लिए किया जाता है। इन बरामदों में अवैध रूप से कब्जा होने से लोगों को आने-जाने में असुविधा होती है तथा व्यावसायिक परिसर की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। निगम आयुक्त के आदेश पर निगम अमले द्वारा आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर का निरीक्षण कर अवैध रूप से कब्जा किए गए बरामदों को चिह्नित करते हुए मार्किंग की गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य सार्वजनिक आवागमन के लिए निर्धारित स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराना तथा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है।



बरामदे में किए गए कब्जे चिह्नित

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में व्यवस्थित आवागमन, स्वच्छता तथा सार्वजनिक स्थानों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में बरामदों पर किए गए अवैध कब्जों को चिह्नित किया गया है, ताकि आगे नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए गए बरामदों पर अवैध कब्जे से आम नागरिकों को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए यह पहल की गई है। निगम द्वारा व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक आवागमन के लिए निर्धारित स्थानों पर अतिक्रमण न करें तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

निगम ने जर्जर प्याऊ भवन को किया ध्वस्त

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वार्ड क्रमांक 38 स्थित आर.एस.एस. मार्केट के समीप जर्जर प्याऊ भवन को ध्वस्त कर हटाने की कार्रवाई की। भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा जनहानि की आशंका को रोकने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया। नगर निगम क्षेत्र में पुराने एवं जर्जर भवनों के कारण आम नागरिकों तथा राहगीरों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा आर.एस.एस. मार्केट के समीप स्थित जर्जर प्याऊ भवन को हटाने की कार्रवाई की गई। भवन की स्थिति ऐसी थी कि उसके क्षतिग्रस्त हिस्सों के गिरने से आसपास से गुजरने वाले नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को नुकसान पहुंचने की संभावना थी।

